7

कबूतर

2L2CC5

भोले–भाले बहुत कबूतर
हमने पाले बहुत कबूतर

कुछ उजले कुछ लाल कबूतर
चलते छम–छम चाल कबूतर
कुछ नीले बैंजनी कबूतर
पहने हैं पैंजनी कबूतर

करते मुझको प्यार कबूतर
करते बड़ा दुलार कबूतर
आ अँगुली पर झूम कबूतर
लेते हैं मुँह चूम कबूतर

रखते रेशम बाल कबूतर
चलते रुनझुन चाल कबूतर
गुटर–गुटर–गूँ बोल कबूतर
देते मिश्री घोल कबूतर

–सोहन लाल द्विवेदी

अभ्यास

1. उत्तर दो–

क. कबूतर किस–किस रंग के होते हैं ?

ख. कबूतर कैसे बोलते हैं ?

2. इनकी बोली बोलकर बताओ–

कबूतर कोयल गाय घोड़ा बकरी कौआ मुर्गा बिल्ली

3. 'छम–छम' में 'छम' शब्द दो बार आया है। इसी प्रकार तुम भी ऐसे शब्द समूह लिखो जिनमें एक शब्द दो बार आए हों–

....

4. पाठ के आधार पर सही ✓ का निशान लगाओ–

- कबूतर पहने हैं – पैंट, फ्रॉक, पैंजनी।
- कबूतर चलते हैं – ढम–ढम, छम–छम, टप–टप।
- कबूतर रखते हैं – रेशम बाल, मटमैले बाल, घुँघराले बाल।
- कबूतर बोलते हैं – काँव–काँव, गुटर–गूँ, टें–टें।

5. शब्दों को सही क्रम में रखकर कविता की पंक्तियाँ लिखो–

- कबूतर भाले बहुत भोले ....
- बहुत पाले कबूतर हमने ....
- कुछ कबूतर लाल उजले कुछ ....
- चाल छम चलते कबूतर छम ....

6. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम (उलटे अर्थ वाले) शब्द लिखो–

दिन .... अंदर ....

बड़ा .... कम ....

7. अपनी पसंद के किसी पक्षी का चित्र बनाकर रंग भरो।

8. कबूतर को दाने तक पहुँचाओ–